उत्तराखंड आने का निमंत्रण दिया।

कुलपति ने किया गोपेश्वर कैंपस का औचक निरीक्षण

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर ओंकार सिंह ने बुधवार को गोपेश्वर कैंपस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी का औचक निरीक्षण किया। साथ ही शिक्षकों व छात्रों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बुधवा को कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने कक्षाओं में जा कर सीधे छात्रों से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने छात्र-छात्राओं की परेशानियों को भी सुना। साथ ही समाधान भी बताये। प्रयोगशालाओं के संचालन की समीक्षा करते हुए कुलपति ने अधिक से अधिक प्रयोग कराने और समाजोपयोगी अल्प कालीन प्रोजेक्ट कराए जाने पर जोर दिया। इसके अलावा शिक्षकों से अकादमिक गतिविधियों में आने वाली बाधाओं और समस्याओं को लेकर वार्ता कर फीडबैक लिया। कुलपति विवि द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का समुचित लाभ छात्रों को दिलाने पर जोर दिया। साथ ही वार्ता के दौरान मिली खामियों को सुधारने के निर्देश संस्थान को दिए गए हैं। छात्रों की मांग पर तत्काल कैंटीन सुविधा, छात्रावास, ट्रांसपोर्ट आदि पर कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।